कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 31.08.2024

//प्रेस विज्ञप्ति//

गर्ल्स कॉलेज में माटी-शिल्प कार्यशाला

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा तीन दिवसीय माटी-शिल्प कार्यशाला का आयोजन किया गया। चित्रकला एवं मूर्तिकला विभाग द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का उद्घाटन अपर संचालक, उच्च शिक्षा दुर्ग संभाग डॉ. राजेश पाण्डेय के कर-कमलों से हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में श्री विनायक नातु (विधायक प्रतिनिधि) एवं समाजसेवी श्री दिनेश नलोड़े जी उपस्थित थे।

मुख्य अतिथि डॉ. राजेश पाण्डेय ने कहा कि यह महाविद्यालय छात्राओं के पहुँजोर विकास के लिए कार्य करता रहा है। कार्यशाला के संयोजक श्री योगेन्द्र त्रिपाठी ने बताया कि इस कार्यशाला का उद्देश्य पर्यावरण संवर्धन पर केन्द्रित है। भगवान गणेश की छोटी-छोटी मिट्टी की मूर्ति बनाकर छात्राएँ उन्हें अपने घर पर स्थापित करेगें और घर पर ही बाल्टी/गमला में विसर्जित कर उसे बाग-बगीचे में प्रवाहित कर देंगी।

कार्यशाला के प्रशिक्षक शिल्पवर्षा संस्था के संचालक श्री राजेन्द्र सुनगरिया ने बताया कि लगभग 150 छात्राओं ने पंजीयन कराया है जो बड़ी तन्मयता से सीख रही हैं। शहर के प्रसिद्ध कलाकार डॉ. एस.पी. चौधरी श्रीमती रोहिणी पाटणकर श्री मोहन लाल बंशल, श्रीमती विजया त्रिपाठी ने कार्यशाला का अवलोकन किया एवं छात्राओं को बारीकी बताई। सह प्रशिक्षक कु. तृप्ति खरे (अतिथि व्याख्याता) मूर्तिकला ने छात्राओं को रंग संयोजन के विषय में बताया।

समापन के अवसर पर प्रभारी प्राचार्य डॉ. डी.सी. अग्रवाल ने छात्राओं की भूरी-भूरी प्रशंसा की। इस अवसर पर छात्राओं द्वारा बनाये गये गणपति की प्रदर्शनी लगाई गई।

समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

डॉ. डी.सी. अग्रवाल
प्रभारी प्राचार्य
शासकीय डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर
कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग(छ.ग.)